Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to install statue of 'Dhanwantri' in Central Government-run hospitals and medical colleges.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): महोदय, भगवान धन्वंतरि को विष्णु भगवान का अवतार माना गया है और पौराणिक कथा के अनुसार भगवान धन्वंतरि की उत्पत्ति समुद्र मंथन के दौरान हुई थी। चार भुजाधारी भगवान धन्वंतरि के एक हाथ में आयुर्वेद ग्रंथ, दूसरे में औषधि कलश, तीसरे में जड़ी बूटी और चौथे में शंख विद्यमान है। भगवान धन्वंतरी ने ही विश्व के कल्याण के लिए औषधियों की खोज की थी, जिसकी जानकारी धन्वंतरि संहिता में दी गई है। सुश्रुत ने इससे ही आयुर्वेदिक चिकित्सा की शिक्षा प्राप्त की और सुश्रुत संहिता की रचना की। धनतेरस के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में धन्वंतरि की पूजा आयोजित की गई। भगवान धन्वंतरि हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और उनका वर्णन प्राचीन ग्रन्थ जैसे वेद एवं पुराण में भी किया गया है तथा उन्हें भगवान का चिकित्सक भी बोला जाता है। भगवान धनवंतरी को हिंदू धर्म में देव वैद्य का पद हासिल है और वह चिकित्सा जगत की समृद्ध विरासत का प्रतीक है। मेरा सरकार से निवेदन है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा स्थापित की जाए और स्वास्थ्य सेवाओं का जनक होने के कारण उनका महत्व और योगदान देश के हर नागरिक को पता चले।